आईआईएम में कंपीटिशन के विजेता हुए पुरस्कृत

रांची | भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रांची में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ शैलेन्द्र सिंह ने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए बोलचाल के साथ रोजमर्रा के कार्यों में भी इस्तेमाल करने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रानी लक्ष्मी और द्वितीय पुरस्कार सुरजीत नामाता को मिला। निबंध लेखन में प्रथम संजीव साह और द्वितीय प्रियदर्शनी साइबा रहे। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रानी लक्ष्मी और द्वितीय पुरस्कार प्रो असित बरण महापात्रा व अजय कुमार को मिला। छात्र-छात्राओं के वर्ग में प्रथम पुरस्कार अवनीत सिंह और द्वितीय दर्पण जानवे को मिला। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वाति किंडो और द्वितीय पुरस्कार प्रभुनाथ रावत को दिया गया।

Dainik Bhaskar_29.09.2019_Pg. 02